# बीते 20 वर्षों से विराजमान हो रही हैं नगर महारानी

- पोला तिराहे में विराजमान माता महाकाली की महाआरती में उमड़ा जनसैलाब



**नवभारत,मझौली।** नगर मझौली के प्रसिद्ध पोला तिराहे पर विराजमान माता महाकाली की महा आरती में सोमवार की संध्या एक विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अनुपम संगम देखने को मिला जब नगरवासी एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए हजारों श्रद्धालु मां महाकाली की आरती में सम्मिलित हुए। विगत 20 वर्षों से पोला तिराहे पर विराजमान होकर नगर की सुख-समृद्धि की रक्षा करने वाली माता महाकाली अब 'नगर महारानी' के रूप में जनमानस की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी हैं। भव्य श्रृंगार, आकर्षक विद्युत साज-सज्जा और ढोल-नगाड़ों के बीच की गई महा आरती ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय महाकाली सेवा समिति द्वारा किया गया, जिसमें युवाओं की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। आरती के पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरण भी किया गया। इस भव्य आयोजन में नगर के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों, व्यापारी वर्ग, सामाजिक संस्थाओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय प्रशासन एवं स्वयंसेवकों ने पूरी मुस्तैदी से व्यवस्था संभाली।

## नवमीं पर माता की चौकी और भंडारा आज

**पनागर।** नवरात्र के पावन अवसर और नवमी तिथि के महत्व को देखते हुए, राजुल इस्टेट समिती एवं समस्त रहवासियों द्वारा एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आज बुधवार, 1 अक्टूबर 2025 को राजुल इस्टेट परियट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में माता की चौकी और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



जागृत दुर्गोत्सव समिति महुआ खेड़ा पड़वार



मां महाकाली दुर्गोत्सव समिति सिंगल दीप

## विहिप बजरंग दल करेगा शस्त्र पूजन- दशहरा चल समारोह

**पनागर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महाबली प्रखंड पनागर द्वारा शस्त्र पूजन एवं दशहरा चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। पहला आयोजन 1 अक्टूबर, बुधवार दोपहर 3 बजे कमानिया गेट के अंदर श्री राम जानकी हनुमान मंदिर में शस्त्र पूजन के रूप में होगा। इसके बाद 2 अक्टूबर, गुरुवार शाम 7 बजे कमानिया गेट के सामने स्वागत मंच का कार्यक्रम रखा गया है।

## विगत 15 वर्षों से आस्था और परंपरा की प्रतीक माँ विंध्यवासिनी की प्रतिष्ठा



**नवभारत,मझौली।** दुर्गा उत्सव समिति बचैया रोड, मझौली के तत्वावधान में प्रति वर्ष शारदीय नवरात्रि पर्व पर माँ विंध्यवासिनी की भव्य स्थापना और पूजा-अर्चना का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता के साथ किया जाता रहा है। इस वर्ष भी समिति ने परंपरा को जीवंत रखते हुए मां की भव्य प्रतिमा की स्थापना बचैया रोड, मझौली में की है, जहाँ दिन-रात श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा के लिए उमड़ रहे हैं। भक्ति संगीत, भजन संध्या, माता की चौकी, कन्या पूजन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विविध श्रृंखला के साथ यह आयोजन क्षेत्र में आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। हेमू गर्ग(अध्यक्ष)रवि, विपिन लल्लू पवन साहू दस्शू रैकवार सभी सदस्य पूरी निष्ठा और समर्पण से इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए हैं।



## साहित्य अकादमी भोपाल का बुंदेली पर अभिनव प्रयोग

**जबलपुर।** बुंदेली साहित्य संगम सेवा पर्व पखवाड़ा शिक्षित भारत संकल्पना पर केंद्रित बुंदेली साहित्य संगम का भव्य आयोजन दमोह में साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी मंत्री संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन डॉ विकास दवे निदेशक साहित्य अकादमी जबलपुर से डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में राजसागरी के नेतृत्व में डॉ कौशल दुबे अभिमन्यु जैन सुरेश मिश्रा विचित्र ,डॉ संध्या जैन श्रुति, डॉ अरुणा पांडे, गुप्तेश्वर द्वारिका गुप्त , आचार्य विजय तिवारी किसलय प्रतुल श्रीवास्तव , संदीप जैन, आचार्य आशुतोष दीक्षित, राजेश दुबे यू एस दुबे, प्रभा विश्वकर्मा शील अर्चना द्विवेदी गुदालू वंदना सोनी विनम्र, चन्द्रकान्त जैन, आशुतोष तिवारी, दीपक तिवारी, विवेक सैलार, सुषमा खरे ,उषा अग्रवाल, तरूणा खरे आदि ने सहभागिता दी। गहन विषय लोक साहित्य के इतिहास में बुंदेली का अवदान, बुंदेली लोकोक्तियां की वैज्ञानिकता, आधुनिक माध्यम तकनीक के उपयोग से बुंदेली का संरक्षण विषय पर विचार विमर्श के चार सफल सत्र हुए।

## अस्पताल कम्पाउण्ड में सजा था हाईप्रोफाइल जुआ फड़

**जबलपुर।** मोतीलाल नेहरू अस्पताल कम्पाउण्ड आम गैलरी सदर में सजे हाईप्रोफाइल जुआ फड़ पर केण्ट पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए कुख्यात जुआड़ी सावन जाट सहित 8 जुआड़ी गिरफ्तार किए। साथ ही नगद 41 हजार 200 रूपये जप्त किए गए। टीआई पुष्पेन्द्र पटले ने बताया कि मोतीलाल नेहरू अस्पताल कम्पाउण्ड आम गैलरी सदर में ताश पत्तों पर रूपये की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे पुरूषोत्तम केवट निवासी गंगासागर एकता चौक गढ़ा, नीलेश पोहानी निवासी रानीताल यादव कालोनी लाईगंज, सिंकदर अहमद अंसारी निवासी अहमद नगर गोहलपुर, गोपाल प्रसाद निवासी कांचघर झामनदास चौक घमापुर, चंदन अहिरवार निवासी नई बस्ती झंडा चौक ग्वारीघाट, सावन जाट निवासी ओमदुर्गा साई मंदिर बेलबाग, नितिन पटैल निवासी प्रोफेसर कालोनी दुर्गा मंदिर के पास माढ़ोताल, अमन सोनकर निवासी घमापुर चौक खटीक मोहल्ला बेलबाग बतायें जुआड़ियों के पास तथा फड़ से ताश पत्ते , 41 हजार 200 रूपये जप्त करते हुये जुआड़ियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



## दिवंगत आरक्षक के परिजनों को पुलिस सेलरी पैकेज के तहत एक करोड़ का चेक मिला

**जबलपुर।** सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुये जबलपुर में पदस्थ आरक्षक योगेंद्र परस्ते के परिजनों को मंगलवार को एसबीआई बैंक की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) के समक्ष एसबीआई बैंक द्वारा पुलिस सेलरी पैकेज अकाउण्ट के अंतर्गत दिवंगत आरक्षक की पत्नी को 1 करोड़ रुपए का चेक सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि पुलिस विभाग अपने प्रत्येक कर्मचारी एवं उनके परिवार के साथ सदैव खड़ा है। यह आर्थिक सहयोग दिवंगत आरक्षक योगेंद्र परस्ते के परिवार के लिए सहारा बनेगा। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर जोन 1 आयुष गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 4 सुश्री अंजना तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल, डीएसपी मुख्यलाय बी.एस. गोठरिया, रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, एसबीआई बैंक के रीजनल मैनेजर अर्जुन सिंह विष्ट, कमला नेहरू ब्रांच के चीफमैनेजर श्रीमति वंदना पटैल, चीफ मैनेजर यतीन्द्र कुमार गोतम, रिलेशनशिप मैनेजर वेल्थ हब असीम जैन एवं दिवंगत आरक्षक योगेन्द्र के परिवार जन उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त हुईं सूबेदार को भावभीनी बिदाई



**जबलपुर।** मंगलवार को पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर में 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में पदस्थ सूबेदार श्रीमति प्रेमा सोनकर को पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय द्वारा अतिरिक्त पुलिस यातायात सुश्री अंजना तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल, डीएसपी मुख्यलाय बी.एस. गोठरिया, रक्षित निरीक्षक श्री जयप्रकाश आर्य की उपस्थिति में सुखद स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना करते हुये स्मृति चिन्ह के साथ साथ अवकाश नगदीकरण, बीमा, पैंशन, ग्रेज्युटी, के दस्तावेज भेंट करते हुये भावभीनी विदाई दी गयी।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, विकास अमर उम्र 47 वर्ष लगभग पिता स्वर्गीय लालचंद अमर निवासी-7, शुक्ला कम्पाउन्ड सदर केन्ट वार्ड नंबर 5 जबलपुर (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। मेरे द्वारा आपकी शिक्षण संस्थान से कक्षा दसवी की परीक्षा अक्टूबर 2023 में उत्तीर्ण की थी जिसकी मुझे अंकसूची प्रदान की गयी है जिसमें मेरा नाम विकास कुमार अंकित हो गया है जबकि मेरे समस्त शिक्षा सबंधी एवं आधारकार्ड, समग्र आईडी में विकास अमर दर्ज है। मेरी कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा नाम विकास कुमार के स्थान पर विकास अमर दर्ज किया जाये उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है। अतः मेरे अन्य दस्तावेजों के समर्थन में अंकसूची में विकास अमर दर्ज किये जाने हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**गलत नाम- विकास कुमार**
**सही नाम- विकास अमर**

### न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

रा.प्र.क्र./ 716 अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रीता यादव पति स्व. अभय सिंह निवास- कंचनपुर अधारताल तहसील जबलपुर ने रकवा 0.085, 0.328, 0.206 व.फु. हे. विक्रय पत्र / हक त्याग/ वसीयतनामा /दानपत्र/वारसान हक/ दिनांक 22/01/1993 मृत्यु दिनांक 04/08/1993, 29/06/2001 को हो जाने के कारण वारसान हक / क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी /डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. निर्मित रकवा/रकवा 0.085, 0.328, 0.206 व.फु. ग्राम भड़पुरा प.ह.नं. 19 खसरा नं. 4, 5, 118/3 रकवा 0.085, 0.328, 0.206 व.फु./हे. के नाम दर्ज है।
अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 16/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 30/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक :- 30/09/2025
पेशी दिनांक :- 16/10/2025

सील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर (म.प्र.)


Shri Shubham Hospital
श्री शुभम् हॉस्पिटल
एण्ड रिसर्च सेंटर
मल्टी स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल
* जनरल मेडिसिन * हृदय रोग * नेत्र रोग * अस्थि रोग * जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
* न्यूरो तथा स्पाइन * नाक-कान-गला रोग * कैंसर * स्त्री एवं प्रसूती रोग * बाल रोग
24/7 आकस्मिक चिकित्सा, भर्ती, एम्बूलेंस, दवाईयां सुविधा उपलब्ध है
दशमेश द्वार, मदन महल चौक, नागपुर रोड, जबलपुर फोन. 0761.4051253 मो.9329486447




मोहन्ती चेस्ट हॉस्पिटल
डॉ. ए.पी. मोहन्ती
(एम.डी.चेस्ट वरिष्ठ छाती एवं फेफड़ा रोग विशेषज्ञ)
एम.डी.आर. टी.बी., निमोनिया, फेफड़ों में जमे पानी का इलाज, दमा, सांस फूलने का इलाज, एलर्जी टेस्ट, स्लीप स्टडी, स्पाईरोमेट्री, ब्रॉकोस्कोपी एवं धूम्रपान छुड़ाना।
पता
जबलपुर हॉस्पिटल के सामने, रसल चौक जबलपुर
0761-3585408, 7999985457
0761-4047091, 7898409109

